आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–02 अक्टुबर 2023 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक संत का अपना व्यक्तिगत जीवन नहीं होता। वह देश व धर्म के लिए समर्पित होता है। देश और समाज की आवश्यकता ही एक संत की प्राथमिकता होती है। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में आयोजित महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ के पुण्यतिथि समारोह के तहत आयोजित महंत दिग्विजयनाथ की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महंत दिग्विजयनाथ का संबंध राजस्थान के मेवाड़ के उस राणा कुल से था, जिसने देश के स्वाभिमान के लिए लड़ते हुए अपना जीवन मातृभूमि को समर्पित कर दिया। उन्होंने यहां पर अनेक धार्मिक और राजनीतिक आन्दोलनों से जुड़कर कर समाज के उत्थान के लिए कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नये भारत को देख रहे हैं। इसे बनाये रखने का दायित्व केवल नेतृत्व का ही नहीं बल्कि हम सभी का है। श्री योगी ने देश के नेतृत्व के साथ कदम से कदम मिला के चलने की लोगों से अपील की और यह भी कहा कि इसके लिये हमें शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा। राष्टीय शिक्षा नीति को इसके लिये एक संकल्प पत्र बताते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके आधार पर हम देश के साथ–साथ अपने जीवन के सपनों को भी साकार कर सकते हैं।

****

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती आज प्रदेश भर में उत्साह के साथ मनाई जा रही है। विभिन्न स्थानों पर लोग उनकी प्रतिमाओं और चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहे हैं। कई स्थानों पर बापू के प्रिय भजनों के गायन के कार्यक्रम आयोजित किए गये हैं। प्रदेश के गांधी आश्रमों में भी आज विविध कार्यक्रमों के आयोजन किए गये हैं। स्कूलों में भी गांधी जयंती के अवसर पर विविध आयोजनों के माध्यम से महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया। आज ही पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की भी जयंती मनायी जा रही है। विभिन्न स्थानों पर लोग उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अलग–अलग स्थानों पर स्थापित उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके अविस्मरणीय योगदान को याद किया और कृतज्ञता व्यक्त की। बापू के सत्य व अहिंसा के संदेश का स्मरण करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। राष्ट्रपिता के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। बापू ने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों व निकायों में स्वच्छांजलि का कार्यक्रम चल रहा है। स्वदेशी, स्वावलंबन, सत्य व अहिंसा का जो मार्ग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने दिखाया था, उसके साथ ही स्वच्छता का अभियान भी बहुत महत्वपूर्ण है। गांधी जयंती पर मुख्यमंत्री गोरखपुर में गोलघर के गांधी आश्रम भी गये और वहां चरखा चलाया।

देवरिया में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने नगरपालिका परिसर में भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में तिरंगा फहराया। इस दौरान कृषि मंत्री ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलायी।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब दो सौ लोगों की समस्या सुनीं और उन्हें समस्या के गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि किसी के साथ किसी प्रकार का अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। समस्या सुनने के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को चेतावनी दी की समस्याओं के निस्तारण में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। योगी ने कहा कि सभी अधिकारी लोगों की समस्याओं को संवेदशील हो कर सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जनता दर्शन में इलाज में आर्थिक मद्द की उम्मीद लेकर आये लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया की किसी भी जरूरतमंद की इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जायेगी।

****

देवरिया जिले के रूद्रपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर गांव में आज सुबह भूमि विवाद में छः लोगों की हत्या हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। मरने वालों में पांच लोग एक ही परिवार से है। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिन दो परिवारों के विवाद में यह घटना हुई इनके बीच काफी दिनों से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। घटना की सुचना मिलते ही पुलिस जब मौके पर पहुंची तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। गांव में तनाव को देखते हुये पुलिस बल के साथ पीएसी भी तैनात कर दी गई है।

****

गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आज तड़के से ही घने बादल छाये हुये हैं और कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा भी हुई है। वर्षा के चलते लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक बादलों के छाये रहने और कुछ स्थानों पर छिटपुट वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

****